दूरभाष : PBX 2762021, 22, 24

# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 653
दिनांक : 05.01.2021

## संशोधित–प्रेस विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) अन्तिम सेमेस्टर जून 2020 एवं वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत अन्तिम वर्ष 2020 के समस्त पारम्परिक पाठ्यक्रमों (Traditional Course)/विषयों के ऐसे विद्यार्थी जो किन्हीं कारणवश प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, उन्हे छात्र हित में विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप/588 दिनांक 26.11.2020 के द्वारा एक अन्तिम अवसर प्रदान कर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने का निर्णय लिया गया है। तत्क्रम में ऐसे सभी छात्र/छात्राऐं जो कालबाधित की श्रेणी में नही आते है और अपनी उपाधि पूर्ण करने हेतु (सेमेस्टर/वार्षिक/भूतपूर्व छात्र) अपना आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न करते हुये अपना प्रत्यावेदन गोपनीय विभाग की खिड़की न0 40 पर जमा कर दिया है उनकी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कराये जाने हेतु पूर्व में जारी विज्ञप्ति पत्रांक गोप/प्रयो0/651 दिनांक 04.01.21 द्वारा परीक्षा केन्द्र निर्धारित कर दिनांक 10.01.2021 से 18.01.2021 के मध्य सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त विज्ञप्ति में प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा की तिथि त्रुटिवश 10.01.2020 से 18.01.2020 अंकित हो गयी है जिसे 10.01.2021 से 18.01.2021 पढ़ा व समझा जाये।

05.01.2021

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक के परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्रहित में सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क तीन दिवसों तक प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वैबसाइट विश्वविद्यालय को, वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
7. समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित विषयों की परीक्षा की तिथि निर्धारित कर सूचना अपने कालेज की वैबसाइट तिथि अपलोड करने का कष्ट करें, जिसकी प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करते हुऐ तिथि की सूचना नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का कष्ट करें। साथ ही छात्र–छात्राओं को सूचित कर उक्त छूटी हुयी प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा विश्वविद्यालय में जमा निर्धारित शुल्क रू0 1500/– व रू0 4500/– की रसीद के आधार पर सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)